**SBEC SYSTEMS**
**(INDIA) LIMITED**
**Sugar Bio-Energy & Control Systems**

**15.02.2023**

To,
The Manager
The BSE Limited
25th Floor, P.J. Towers,
Dalal Street
Mumbai-400001

**Subject: Publication of Un-Audited Financial Results for the Quarter & Nine Months ended on 31st December, 2022**

**Stock Code: 517360**

Dear Sir,

Pursuant to Regulation 47 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015, kindly find enclosed herewith the copy of the un-audited Standalone & Consolidated Financial Results for the quarter and nine months ended on 31st December, 2022 published in Financial Express (English) and in Hari Bhoomi (Hindi) on 15th February, 2023.

Kindly take the above documents on your records.

Thanking You,

Yours Faithfully

**For SBEC Systems (India) Limited**

PRIYANKA NEGI Digitally signed by PRIYANKA NEGI Date: 2023.02.15 14:36:21 +05'30'

**Priyanka Negi**
**Company Secretary & Compliance Officer**

**Encl: As Above**

CIN No. : L74210DL1987PLC029979
Regd. Office : 1400, Modi Tower, 98 Nehru Place, New Delhi - 110019, Tel.: 42504878, 42504842, Fax : 26293822
E-mail : sbecsystems@rediffmail.com

**वैलेंटाइन डे पर सामने आया दिल्ली में श्रद्धा जैसा हत्याकांड**

# नजफगढ़ में ढाबे के फ्रीजर से महिला का शव बरामद, प्रेमी गिरफ्तार

*उत्तम नगर की एक महिला का शव नजफगढ़ के मित्रांव गांव के बाहरी इलाके में स्थित एक ढाबे के फ्रीजर से बरामद किया गया है। दिल्ली पुलिस ने आरोपी साहिल गहलोत को गिरफ्तार कर लिया है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में वैलेंटाइन डे पर श्रद्धा हत्याकांड जैसा मामला सामने आया है। उत्तम नगर की एक महिला का शव नजफगढ़ के मित्रांव गांव के बाहरी इलाके में स्थित एक ढाबे के फ्रीजर से बरामद किया गया है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि आरोपी साहिल गहलोत को गिरफ्तार कर लिया है। आगे की जांच चल रही है। दिल्ली पुलिस ने महिला का शव ढाबे के फ्रीजर से बरामद किया है। बताया जा रहा है कि मृतका आरोपी साहिल गहलोत की प्रेमिका थी। कुछ दिनों पहले ही साहिल गहलोत की शादी किसी और युवती से तय हुई थी। इस शादी की खबर के बाद से मृतका और साहिल गहलोत में खटपट चल रही थी।





### दोनों के बीच प्रेम संबंध थे, प्रेमी अन्य महिला से करना चाह रहा था शादी

एडिशनल डीसीपी (द्वारका) विक्रम सिंह ने कहा कि मित्रांव गांव निवासी साहिल गहलोत और पीड़िता के बीच प्रेम संबंध थे। सिंह ने एएनआई से बात करते हुए कहा, मामले की प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आरोपी किसी अन्य महिला से शादी करने जा रहा था। इस बारे में पता चलने पर पीड़िता ने आपत्ति जताई और उससे शादी करने के लिए जोर दिया। इससे बौखलाए आरोपी ने उसकी हत्या कर दी और शव को फ्रीजर में छिपाकर अपने ढाबे पर रख दिया। उन्होंने कहा, घटना करीब दो से तीन दिन पहले हुई थी।

### किसी अन्य से शादी पर महिला को थी आपत्ति

कुछ दिनों पहले साहिल गहलोत की शादी किसी और युवती से तय हुई थी। इस शादी की खबर के बाद से मृतका और साहिल गहलोत में खटपट चल रही थी। दिल्ली पुलिस ने बताया कि मृतका की उम्र 25 साल है और वह दिल्ली के उत्तम नगर की रहने वाली थी। पुलिस के अनुसार पीड़िता की करीब दो से तीन दिन पहले हत्या कर दी गई थी और उसके शव को दिल्ली के नजफगढ़ के मित्रांव गांव में एक ढाबे में फ्रीजर के अंदर रखा गया था।

### शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

दिल्ली पुलिस ने बताया कि मृतका की उम्र 25 साल है और वह दिल्ली के उत्तम नगर की रहने वाली थी। पुलिस ने बताया कि पीड़िता की करीब दो से तीन दिन पहले हत्या कर दी गई थी और उसके शव को दिल्ली के नजफगढ़ के मित्रांव गांव में एक ढाबे में फ्रीजर के अंदर रखा गया था।

### श्रद्धा वालकर हत्याकांड फिर आया याद

*खास बात यह है कि 28 वर्षीय पूनावाला ने 18 मई, 2022 को श्रद्धा वालकर की कथित रूप से गला घोंट कर हत्या कर दी थी और शव को ठिकाने लगाने से पहले करीब तीन सप्ताह तक घर में फ्रीज में रखा था। बाद में कई दिनों में उसने शव के टुकड़ों को शहर के अलग-अलग हिस्सों में ठिकाने लगा दिया था। आफताब और श्रद्धा की मुलाकात एक डेटिंग साइट के जरिए हुई थी और बाद में वे एक किराये के मकान में एक साथ रहने लगे थे।*

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the general public that M/s Sternal Buildcon Private Limited has been granted Environmental Clearance for Affordable Group Housing Colony Project Located at Revenue estate of Village-Gadoli Kalan, Sector-37D, Gurugram, Haryana, vide letter no. SEIAA (126)/HR/2021/160 dated 05.02.2021. The copy of clearance along with the conditions to be complied with is available at office of the State Environmental Impact Assessment Authority, Haryana on the website of the MOEF&CC at http://parivesh.nic.in and at the registered office of the company at 13th floor, Dr. Gopal Das Bhawan, 28, Barakhamba Road, Connaught Place, New Delhi-110001.

**Sd/-**
Authorised Signatory
For Sternal Buildcon Private Limited
**CIN:** U70109DL2009PTC195052
**Address:** 13TH Floor, Dr. Gopal Das Bhawan, 28 Barakhamba Road, New Delhi 110001

**Sd/-**
Authorised Signatory
For Lalwani Brothers Buildcon LLP
**LLPIN:** AAB-5014
**Address:** R-649, Ground Floor, New rajendra nagar, New Delhi 110060

**Place- New Delhi**
**Dated: 14.02.2023**

### त्रिपुरा में विस चुनाव की सरगर्मियों के बीच शाह का ऐलान

# आतंकवाद पर लगाई लगाम, अब वामपंथी उग्रवाद का करेंगे सफाया

*शाह ने यह भी कहा- कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी में भाजपा को हराने का दम नहीं, भाजपा का वोट शेयर बढ़ेगा, सीटें भी बढ़ेंगी...*

एजेंसी ▶▶ अगरतला/नई दिल्ली

त्रिपुरा में विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भाजपा एक बार फिर पूर्ण बहुत हासिल कर राज्य में सरकार बनाएगी। शाह का बयान ऐसे समय में आया है, जब कांग्रेस और लेफ्ट गठबंधन दावा कर रहा है कि त्रिपुरा से इस बार भाजपा सरकार की विदाई तय है। शाह ने कहा, त्रिपुरा में हमारी सीटें भी बढ़ेंगी और वोट शेयर भी बढ़ेगा। कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी इस चुनाव में साथ आए ही इसलिए हैं, क्योंकि उन्होंने मान लिया है कि वे अकेले लड़कर भाजपा को नहीं हरा सकते। शाह ने कहा कि त्रिपुरा में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनने जा रही है।

भाजपा ने आतंकवाद को खत्म कर दिया है। अब उग्रवाद का भी सफाया होगा। समग्र उत्तर-पूर्व के अंदर मोदी जी के पीएम बनने के बाद हमने कई काम किए हैं। आज उत्तर-पूर्व में शांति है, कई आतंकी संगठनों के साथ हमने शांति समझौते किए हैं। 8 हजार से अधिक हथियारबंद लड़ाके बंदूक छोड़ मुख्यधारा में लौटे हैं। उत्तर-पूर्व पहले अशांत था अब रोड बन रहे हैं, रेल पहुंच रही है। विकास करने का काम हमने किया है। हमने 'चलो पलटाई' का नारा त्रिपुरा की स्थिति बदलने के लिए दिया था और आज हमने स्थिति को बदला है। नशे के कारोबार पर कठोरता से नकेल कसी है।



### दोपहर तक ही भाजपा को मिल जाएगा पूर्ण बहुमत

मैं पूरे भरोसे के साथ कह रहा हूं कि मतगणना वाले दिन दोपहर 12 बजे से पहले ही भाजपा को पूर्ण बहुमत मिल चुका होगा और हम एक बार फिर से राज्य में सरकार बनाएंगे।'वहीं, 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर शाह ने कहा, मेरा मानना है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में कोई भी दल हमारे मुकाबले में ही नहीं है। देश की जनता पूरे भरोसे के साथ और पूरे दिल से एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ है।

### कुछ राज्यों में वामपंथी उग्रवाद भी नहीं बचेगा

शाह ने कहा,पीएफआई कैडर पर कई मामले थे उन्हें समाप्त करने का काम कांग्रेस ने किया, जिसे कोर्ट ने रोका। हमने पीएफआई को सफलतापूर्वक बैन किया। यह धर्मांधता और कट्टरता बढ़ रहा था। आतंकवाद बढ़ा रहा था। हमारी सरकार ने पीएफआई पर प्रतिबंध लगा दिया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि बिहार और झारखंड में नक्सवादी उग्रवाद लगभग समाप्त हो चुका है। मुझे विश्वास है कि छत्तीसगढ़ में भी कुछ ही समय में शांति बहाल करने में हम सफल होंगे। जम्मू-कश्मीर में भी आतंकवाद से संबंधित सभी प्रकार के आंकड़े सबसे अच्छी स्थिति में हैं।

### अडाणी पर छिपाने, डरने जैसा कुछ नहीं



हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद कांग्रेस ने बजट सत्र के दौरान संसद में केंद्र पर कई सवाल किए। इस पर शाह ने कहा है कि उनके लिए इस पर टिप्पणी करना उचित नहीं होगा क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले का संज्ञान लिया है। संसद में राहुल गांधी ने केंद्र सरकार और पीएम मोदी पर खूब हमले किए थे। शाह ने कहा कि अडानी मामला सुप्रीम कोर्ट में है। कोर्ट इसे देख रहा है इसलिए एक मंत्री पद पर होते हुए मेरा कुछ बोलना ठीक नहीं है, लेकिन इसमें भाजपा के लिए छिपाने या डरने जैसा कुछ भी नहीं है। सबूत हो तो पार्टियां कोर्ट जाएं।

### शहीदों का नाम स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जाएगा



केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोरोना जैसे संकट काल में हरियाणा पुलिस की भूमिका अहम रही है। जब जब भारत की सुरक्षा का इतिहास लिखा जाएगा तब तक पुलवामा के शहीदों को देश याद करेगा। शाह ने कहा कि पूरे देश में कानून व्यवस्था और अंतरराज्यीय गैंग खत्म करने में हरियाणा पुलिस अतुलनीय काम रहा है। शाह ने कहा कि आज ही के दिन 2019 में पुलवामा में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हुए थे, जब तक भारत की रक्षा का इतिहास लिखा जाएगा तब तक इन शहीदों का नाम स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जाएगा। मैं शहीद जवानों को नम पूर्वक श्रद्धांजलि देता हूं। उन्होंने पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर में आतंकवाद पर बहुत हद तक काबू पा लिया गया है।

### स्वराज की जयंती पर बेटी का भावुक पोस्ट

नई दिल्ली। पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज 2019 में दुनिया को अलविदा कर गई थीं। दिवंगत मंत्री सुषमा स्वराज के जन्मदिन पर मंगलवार को उनकी बेटी बंसुरी स्वराज काफी इमोशन नजर आईं। बेटी ने एक भावुक पोस्ट लिखी है। मां सुषमा स्वराज जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आपकी कितनी याद आती है इसकी अभिव्यक्ति के लिए शब्द पर्याप्त नहीं हैं ।

**एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड**
CIN :L74210DL1987PLC029979
पंजी. कार्यालय : 1400, मोदी टावर 98, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019
Tel.: +91-11-42504842
E -Mail : sbecsystems@rediffmail.com, Website : www.sbecsystems.in

**31 दिसम्बर 2022 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) का सार**

(रु. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही 31.12.2022 अअंकेक्षित | स्टैंडअलोन समाप्त तिमाही 31.12.2021 अअंकेक्षित | स्टैंडअलोन समाप्त नौ माह 31.12.2022 अअंकेक्षित | समेकित समाप्त तिमाही 31.12.2022 अअंकेक्षित | समेकित समाप्त तिमाही 31.12.2021 अअंकेक्षित | समेकित समाप्त नौ माह 31.12.2022 अअंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुल आय | 67.17 | 71.88 | 208.35 | 67.17 | 71.88 | 208.35 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | 17.39 | 33.03 | 28.49 | 17.39 | 33.03 | 28.49 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों और एसोसिएट्स के लाभ/हानि के शेयर के बाद) | 17.39 | 33.03 | 28.49 | 17.39 | 33.03 | 28.49 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | 14.67 | 27.87 | 22.36 | 14.67 | 27.87 | 22.36 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 14.67 | 27.87 | 22.36 | 14.67 | 27.87 | 22.36 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 |
| 7 | पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व | - | - | - | - | - | - |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (ईपीएस) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) | | | | | | |
| | ए. बेसिक | 0.15 | 0.28 | 0.22 | 0.15 | 0.28 | 0.22 |
| | बी. डायल्युटेड | 0.15 | 0.28 | 0.22 | 0.15 | 0.28 | 0.22 |

टिप्पणी :-
1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये तैमाहिक परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.sbecsystems.com पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा और अनुशंसा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई तथा 14 फरवरी 2023 को आयोजित उनकी सम्बन्धित बैठकों में निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदित किये गये।
3. वित्तीय परिणाम कम्पनी (भारतीय लेखा मानदंड) नियम (संशोधित अनुसार) के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित अनुसार भारतीय लेखा मानक (Ind-AS) के अनुरूप तैयार किये गये हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लि.
हस्ता/-
विजय कुमार मोदी
निदेशक
डीआईएन : 0004606

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 14.02.2023

**नड्डा ने जारी किया नगालैंड का घोषणा पत्र**

# राज्य में शांति, समृद्धि-विकास बढ़ रहा, क्षमताएं भी बढ़ेंगी



एजेंसी ▶▶ कोहिमा

नगालैंड में 27 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा कोहिमा ने विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। इस दौरान नड्डा ने कहा कि 5 साल पहले नॉर्थ ईस्ट में अवरोध, उग्रवाद, लक्षित हमले आदि का सामना करना पड़ता था। आज नगालैंड फिर से शांति, समृद्धि और विकास की राह पर आ गया है। नगालैंड में 8 सालों में विद्रोह 80 फीसदी कम हो गए हैं और अफ्स्पा 66 फीसद क्षेत्रों से हटाया गया है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी पूर्वोत्तर के राज्यों को 'अष्ट लक्ष्मी' मानते हैं, उनमें विकास के आधार पर शांति, बिजली, पर्यटन, 5जी संकेत, संस्कृति, प्राकृतिक-खेती और खेल के साथ-साथ अन्य क्षमताएं हैं। उन्होंने सीएम नेफ्यू रियो की उपस्थिति में एक जनसभा को संबोधित किया। नड्डा ने कहा कि आज नगालैंड में शांति है, राज्य समृद्धि की ओर बढ़ रहा है।

### आज तो प्रदेश का नक्शा ही बदल गया

नड्डा ने कहा, पहले की सरकारों की पहचान बंद, नाकेबंदी, अपहरण, टारगेट हत्या और आतंकवाद के लिए जानी जाती थीं। लेकिन अब प्रदेश का नक्शा ही बदल गया है। उनके नेतृत्व में आज नगालैंड शांति और समृद्धि का स्थल बन गया है। आज नगालैंड में विकास की बयार चल पड़ी है। हर ओर विकास आपको दिखाई देता है।उन्होंने कहा, नगालैंड के लोग बहुत बड़े देशभक्त हैं। उनके अंदर देशभक्ति कूट-कूट कर भरी हुई है। यहां की संस्कृति बहुत और यहां की प्रकृति देश और दुनिया के लोगों को आकर्षित करती है। उनकी ही देन है कि आज देश को पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति मिलीं।

**राहुल के विमान का न उतरने का मामला**

# कांग्रेस बोली राहुल को उतरने नहीं दिया एयरपोर्ट प्रशासन ने कहा यह दावा गलत

वाराणसी। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के वाराणसी और प्रयागराज दौरे को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। कांग्रेस ने दावा किया कि राहुल गांधी के विमान को वाराणसी एयरपोर्ट पर उतरने की इजाजत नहीं दी गई। इससे उनका प्रयागराज जाने का कार्यक्रम स्थगित हो गया है। कांग्रेस के अनुसार राहुल को वाराणसी के बाद काशी विश्वनाथ का दर्शन और सड़क मार्ग से प्रयागराज जाना था। लेकिन सुरक्षा का हवाला देकर विमान को उतरने की इजाजत नहीं दी गई। बाद मे एलबीएस एयरपोर्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि राहुल गांधी ने अपनी व्यस्तताओं की वजह से अपना कार्यक्रम स्थिगित कर दिया।

### भारत में जूम एप पर रोक की मांग पर सुनवाई सुप्रीम कोर्ट ने की बंद

नई दिल्ली। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग एप जूम पर पाबंदी लगाने की मांग पर आगे सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने मना कर दिया है। याचिका में कहा गया था कि इस ऐप से लोगों का निजी डेटा लीक की आशंका है। 2020 में कोर्ट ने मामले पर नोटिस जारी किया था। जूम के वकील ने कोर्ट को जानकारी दी कि सरकार की कमेटी उसे सही ठहरा चुकी है। इसके बाद कोर्ट ने मामले की सुनवाई बंद कर दी। जूम के लिए पेश वरिष्ठ वकील अरविंद दातार ने जस्टिस संजीव खन्ना और एम एम सुंदरेश की बेंच को बताया कि दिसंबर 2020 में ही सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की विशेषज्ञ कमिटी ऐप को सही ठहरा चुकी है।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the general public that M/s JMK Holdings Private Limited has been granted Environmental Clearance for Affordable Plotted Colony under DDJAY at Sector-79B, Gurugram, Haryana, vide EC identification No. EC23B000HR149856 dated 09.02.2023. The copy of clearance along with the conditions to be complied with is available at office of the State Environmental Impact Assessment Authority, Haryana on the website of the MOEF&CC at http://parivesh.nic.in and at the registered office of the company at 13th Floor, Dr. Gopal Dass Bhawan, 28, Barakhamba Road, Connaught Place, New Delhi-110001.

**Sd/-**
Authorised Signatory
For JMK Holdings Private Limited
**CIN:** U70109DL2013PTC255232
**Address:** 13TH Floor, Dr. Gopal Das Bhawan, 28 Barakhamba Road, New Delhi 110001

**Place- New Delhi**
**Dated: 14.02.2023**

**ANS INDUSTRIES LIMITED**
(CIN L15130HR1994PLC032362)
Regd Office-136 KM , Vill & P.O.-Shamgarh , District-Karnal, Haryana-132116
website:www.ansfoods.com, email id-ansagro.limited@gmail.com

**EXTRACT OF UNAUDITED STANDALONE FINANCIAL RESULTS FOR QUARTER ENDED 31ST DECEMBER,2022**

(Rs.in Lakhs)

| Sl. No. | Particulars | Quarter Ended 31.12.2022 Unaudited | Nine months ended 31.12.2022 Unaudited | Quarter Ended 31.12.2021 Unaudited | Year Ended 31.03.2022 Audited |
|---|---|---|---|---|---|
| I | Total Income from operations | 0.53 | 1.55 | 0.51 | 2.04 |
| II | Net Profit/(Loss ) for the period (before tax and exeptional items) | -25.56 | -83.28 | -16.48 | -168.09 |
| III | Net Profit/(Loss ) for the period before tax (after exeptional items) | -25.56 | -83.28 | -16.48 | -168.09 |
| IV | Net Profit/(Loss ) for the period after tax & exeptional items) | -25.56 | -83.28 | -16.48 | -190.00 |
| V | Total Comprehensive income for the period (comprising profit/(loss) for the period after tax &other comprehensive income) | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 |
| VI | Paid-up equity share capital (Face Value Rs.10 per share) | 925.56 | 925.56 | 925.56 | 925.56 |
| VII | Other Equity as shown in Audited Balance sheet of previous year | | | 0 | 0.00 |
| VIII | Earnings per equity share of Rs.10 /each (not annuliased) | | | | |
| | (a) Basic | -0.28 | -0.90 | -0.18 | -2.05 |
| | (b) Diluted | -0.28 | -0.90 | -0.18 | -2.05 |

NOTES:
1 The above financial result is an extract of detailed format of quarter ended 31st December,2022 filed with Stock exchange (BSE) as per Reg 33 of SEBI (LODR) Regulations, 2015 and full format is available on the website of the company www.ansfoods.com and website of BSE www.bseindia.com.
2 The above results were reviewed by the Audit Committee and approved by Board of Directors in its meeting held on 14.02.2023.
3 Figures for the previous year / period have been re-arranged wherever necessary.

For ANS Industries Limited
Sd/-
(Mehinder Sharma)
Managing Director
DIN-00036252

Date : 14/02/2023
Place : New Delhi

**एसबीईसी शुगर लिमिटेड**
CIN: L15421UP1991PLC019160
पंजी. कार्यालय : गांव लोयान मलकपुर, तहसील बड़ौत, जिला बागपत, उत्तर प्रदेश-250611
Tel.: 01234-259206 Fax:+91-1234-259200
E-mail: investors@sbecsugar.com, Website: www.sbecsugar.com

**31 दिसम्बर 2022 को समाप्त तिमाही और नौ माह हेतु अअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार**

(रु. लाख में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडअलोन दिसम्बर 2022 को समाप्त 3 माह अअंकेक्षित | स्टैंडअलोन सितम्बर 2022 को समाप्त 3 माह अअंकेक्षित | स्टैंडअलोन दिसम्बर 2021 को समाप्त अनुकूल 3 माह अअंकेक्षित | समेकित दिसम्बर 2022 को समाप्त 3 माह अअंकेक्षित | समेकित सितम्बर 2022 को समाप्त 3 माह अअंकेक्षित | समेकित दिसम्बर 2021 को समाप्त अनुकूल 3 माह अअंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 14,892.87 | 12,099.76 | 14,898.14 | 15,137.14 | 13,059.27 | 15,188.90 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | (813.23) | (2,307.10) | (1,633.72) | (1,045.26) | (1,721.72) | (1,736.03) |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | (813.23) | (2,307.10) | (1,633.72) | (1,045.26) | (1,721.72) | (1,736.03) |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | (813.23) | (2,307.10) | (1,633.72) | (1,041.97) | (1,954.90) | (1,736.03) |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | (831.97) | (2,325.84) | (1,633.51) | (1,058.44) | (1,971.38) | (1,736.01) |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 4,765.39 | 4,765.39 | 4,765.39 | 4,765.39 | 4,765.39 | 4,765.39 |
| 7 | पूर्ववर्ती वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व्स | - | - | - | - | - | - |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (ईपीएस) (निरंतर और अनिरंतर प्रचालनों हेतु) | | | | | | |
| | ए. बेसिक | (1.71) | (4.84) | (3.43) | (2.19) | (4.10) | (3.64) |
| | बी. डायल्युटेड | (1.71) | (4.84) | (3.43) | (2.19) | (4.10) | (3.64) |

टिप्पणियां :-
1. उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के पास दायर किये गये तैमाहिक परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.sbecsugar.com पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई तथा 14 फरवरी 2023 को आयोजित उनकी बैठकों में बोर्ड द्वारा अनुमोदित किये गये।
3. वित्तीय परिणाम कम्पनी (भारतीय लेखा मानदंड) नियम (संशोधित अनुसार) के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित अनुसार भारतीय लेखा मानदंड (Ind-AS) के अनुरूप तैयार किये गये हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते एसबीईसी शुगर लिमिटेड
हस्ता/-
उमेश कुमार मोदी
अध्यक्ष एवं प्रधान
डीआईएन : 00002757

स्थान : दुबई
दिनांक : 14 फरवरी 2023

